# PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2023-24

## HINDI

**Time – 3 hrs.** **Class – VIII** **M.M. – 80**

***Name of the student ______________________________________ Section ____ Date - 15.02.2024 (Thursday)***

निर्देश – 1. प्रश्नपत्र चार खंडों में विभाजित हैं – अ, ब, स और द |
2. निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए |
3. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें |

## खंड – 'अ' अपठित बोध (8 अंक)

**प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **4**

दरअसल हम अपनी समस्याओं की चर्चा बहुत बढ़ा-चढ़ा कर करते हैं | समस्याएँ आने पर हम दूसरों की सहानुभूति चाहते हैं, लेकिन सहानुभूति या दया से समस्या हल नहीं होती | हम मुश्किलों का रोना रोते हैं, लेकिन कभी समाधान के बारे में नहीं सोचते | दरअसल हम हथियार डालते हुए यह मान लेते हैं, जैसे बड़ी भारी मुसीबत आ गई हो | दिन-रात इसी मुसीबत के बारे में सोचते रहते हैं | इस तरह समस्या पूरी तरह हमारे दिलोदिमाग पर छा जाती है | इस पूरी प्रक्रिया में स्वयं द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन करना भूल जाते हैं | यदि ऐसा करें, तो हो सकता है कि ऐसी स्थिति से बाहर निकलने में मदद मिल जाए | परिस्थितियों का ठीक-ठीक मूल्यांकन करके आप आसानी से समाधान तक पहुँच सकते हैं | किसी भी समस्या का हल उसकी जड़ में होता है | यदि आप गलत नहीं हैं, तो हताशा से उबरने के लिए साहस से काम लीजिए | सफलता की सड़क पर चलने के दौरान केवल एक पत्थर का टुकड़ा उठाकर नहीं फेंकते, बल्कि एक तरह से पहाड़ तोड़ने का काम करते हैं |

**(क)** किस उपाय से हमारी समस्या सुलझ सकती है ?

[] परिस्थितियों से घबराकर [] समस्या के बारे में सोचकर

[] परिस्थितियों का मूल्यांकन कर [] निराश न होकर

**(ख)** 'हथियार डालना' का अर्थ है –

[] डरकर बैठ जाना [] सहायता बंद करना

[] हार मान लेना [] प्रयत्न करना

**(ग)** हमें साहस की आवश्यकता किस लिए पड़ती है ?

[] उन्नति के लिए [] हताशा से उबरने के लिए

[] विचलित होने हेतु [] बाधाएँ हटाने हेतु

**(घ)** समस्याओं का हल नहीं है –

[] सहानुभूति [] धन [] सरकारी कृपा [] भाग्य

**प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **4**

पेड़ सहकर धूप खुद, देते सभी को छाँह अपनी,
मदद करने को बढ़ाते, डालियों-सी बाँह अपनी |
खींचते रहते निरंतर ये हवा गंदी हमारी,
हमें मिलती इन्हीं से प्राण-वायु विशुद्ध सारी |
सींचते धरती हमारी बादलों को भी बुलाते,
जल बरसता खेत-उपवन-वन सभी हैं लहलहाते |

**(क)** पेड़ की बाँहें किसे कहा गया है ?

[] पत्तों को [] फलों को [] डालियों को [] जड़ को

**(ख)** दूषित हवा को खींचकर पेड़ क्या करते हैं ?

[] वर्षा करवाते हैं [] लकड़ी प्रदान करते हैं [] विशुद्ध प्राण-वायु प्रदान करते हैं [] फल देते हैं

**(ग)** धरती को सींचने के लिए पेड़ किसका आह्वान करते हैं ?

[] समुद्र का [] वनों का [] पर्वतों का [] बादलों का

**(घ)** वर्षा होने पर क्या-क्या चीज़ें लहलहाती नज़र आती है ?

[] खेत [] उपवन [] वन [] ये सभी

## <u>खंड – 'ब' पठित बोध (38 अंक)</u>

**प्र.3 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **5**

मैं लगभग तीन दिन तक यह साँसत भोगती रही | मैं पत्तों के नन्हें-नन्हें छेदों से होकर जैसे-तैसे जान बचाकर भागी | मैंने सोचा था कि पत्ते पर पहुँचते ही उड़ जाऊँगी | परंतु, बाहर निकलने पर ज्ञात हुआ कि रात होनेवाली थी और सूर्य जो हमें उड़ने की शक्ति देते हैं, जा चुके हैं, और वायुमंडल में इतने जल कण उड़ रहे हैं कि मेरे लिए वहाँ स्थान नहीं है तो मैं अपने भाग्य पर भरोसा कर पत्तों पर ही सिकुड़ी पड़ी रही | अभी जब तुम्हें देखा तो जान में जान आई और रक्षा पाने के लिए तुम्हारे हाथ पर कूद पड़ी |

(क) पत्ते से निकलकर बूँद क्या करना चाहती थी ?

(ख) बूँद क्यों नहीं उड़ पाई ?

(ग) बूँद ने अपनी रक्षा करने के लिए क्या किया ?

(घ) बूँद अपने भाग्य पर भरोसा करके कहाँ सिकुड़ी पड़ी रही ?

(ड.) 'साँसत' शब्द का अर्थ है –

[] दुःख या कष्ट [] सुख [] कठोर [] सभी सही

**प्र.4 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **5**

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी ?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी |
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वै है लाँबी-मोटी |
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहै, नागिन-सी भुइँ लोटी |
काँचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी |
सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी |

(क) प्रस्तुत पद के रचयिता कौन है ?

(ख) चोटी बढ़ाने के लिए माता यशोदा ने क्या उपाय बताया ?

(ग) दोनों भाइयों को कौन-सा आशीर्वाद दिया गया ?

(घ) 'बल की बेनी' से क्या आशय है ?

(ड.) 'नागिन-सी भुइँ लोटी' में कौन-सा अलंकार है ?

[] अनुप्रास अलंकार [] उपमा अलंकार [] यमक अलंकार [] रूपक अलंकार

**प्र.5 निम्नलिखित किन्हीं <u>सात प्रश्नों के</u> उत्तर अति संक्षेप में लिखिए :** ***7***

(क) हमें कभी भी किससे उसकी जाति नहीं पूछनी चाहिए ?

(ख) साइकिल किस चीज का प्रतीक बनी ?

(ग) गरीबी की दशा में सुदामा कैसे अनाज खाया करते थे ?

(घ) बूँद का शरीर क्यों काँप उठा ?

(ड.) लाला झाऊलाल का मकान कहाँ था ?

(च) कृष्ण जी ने सुदामा के पैर कैसे धोए ?

(छ) साँप कहाँ रहता था ?

(ज) दिखावा करने वाले का मन स्थिर क्यों नहीं रहता है ?

**प्र.6 निम्नलिखित में से किन्हीं <u>पाँच प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए : 10**

(क) अपने गाँव लौटकर जब सुदामा अपनी झोपड़ी नहीं खोज पाए, तब उनके मन में क्या-क्या विचार आए? पठित कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

(ख) घायल होने के बाद भी बाज ने यह क्यों कहा, मुझे कोई शिकायत नहीं है | विचार प्रकट कीजिए |

(ग) लाला झाऊलाल को बे□गा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था | फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया | आपके विचार से वे चुप क्यों रहे ?

(घ) प्रारंभ में साइकिल आंदोलन को चलाने में कौन-कौन सी बाधा आई ?

(ड.) द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या-क्या सोचते जा रहे थे ?

(च) ...उन जंजीरों को तोड़ने का जिनमें वे जकड़े हुए हैं, कोई-न-कोई तरीका लोग निकाल ही लेते हैं...| आपके विचार से लेखक 'जंजीरों' द्वारा किन समस्याओं की ओर इशारा कर रहा है ?

**प्र.7 निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए : 6**

(क) अंत में तो सबके भाग्य में मरना लिखा है-शरीर मिट्टी का है,मिट्टी में ही मिल जाएगा | ---साँप के उक्त विचार को अपने शब्दों में स्पष्ट करते हुए बताइए कि साँप ने ऐसा क्यों कहा ?

(ख) 'कबीर की साखियाँ' हमें क्या संदेश देती हैं ?

(ग) 'अकबरी लोटा' कहानी के माध्यम से सच्ची मित्रता का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है | क्या आप इस कथन से सहमत है ?

**प्र.8 सही विकल्प का चयन कीजिए : 5**

**(क)** कांग्रेस की सक्रियता का दोहरा आह्वान क्या था ?

[] विदेशी शासन को चुनौती देना [] अल्पसंख्यकों तथा दलितों की समस्या हल करना

[] तथा दोनों सही [] सभी कथन गलत

**(ख)** आर्य समाज के आंदोलन का क्या नारा था ?

[] बुद्धं शरणम् गच्छामि [] वेदों की ओर लौटो

[] तमसो मा ज्योतिर्गमय [] सभी सही

**(ग)** भारत छोड़ो आंदोलन किस वर्ष में आरंभ हुआ ?

[] 1962 [] 1952 [] 1932 [] 1942

**(घ)** 'मालगुजारी से क्या आशय है ?

[] चुंगी कर [] आयकर [] संपत्ति कर [] बिक्री कर

**(ड.)** औरंगजेब किस प्रकार का शासक था ?

[] समय के विपरीत चलने वाला [] दूसरे धर्मों का अनादर करने वाला

[] कठोर शासक [] सभी कथन सही

## <u>खंड – 'स' व्याकरण (19 अंक)</u>

**प्र.9 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3**

**(क)** वाच्य बताइए –

[] मुझसे दूध पिया नहीं जाता |

[] बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं |

[] लड़कियों से दौड़ा जाएगा |

**(ख)** रेखांकित पदों का परिचय दीजिए : **3**

[] <u>करीम</u> नमाज पढ़ने गया है |

[] अब वह नहीं <u>आएगा</u> |

[] नदी <u>के पार</u> जंगल है |

**(ग)** निर्देशानुसार उत्तर दें – **3**

[] चोरी करने वाले तीनों लड़के बाज़ार में पकड़े गए | **(उद्देश्य और विधेय अलग करें)**

[] वह किताब जिसे आपने दिया था, फट गई |**(प्रधान और आश्रित उपवाक्य बताइए)**

[] तुम शाम तक वापस आ जाना | **(अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद बताइए )**

**(घ)** अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए – **3**

[] गीता, सोहन या माला जाएँगे | [] मेरे पास दो बेटे हैं | [] मैंने बाज़ार जाना है |

**(ङ.)** निम्नलिखित पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ? **3**

[] इस काले संकट सागर पर |

[] तू मोहन के उरबसी, है उरबसी समान |

[] प्राण छूटै प्रथम रिपु के, रघुनायक सायक छूट न पाएँ |

**(च)** सही जोड़ी बनाइए : **2**

| <u>वर्ग-</u> | <u>वर्ग-</u> |
|---|---|
| [] निधन-निर्धन | [अ] तालिका-पवित्र |
| [] योग-योग्य | [ब] मृत्यु-गरीब |
| [] सूची-शुचि | [स] संसार-सुंदर |
| [] भव-भव्य | [द] जोड़-काबिल |

**(छ)** सही विकल्प चुनिए : **2**

[] जिसके हाथ में वीणा हो –

क) चक्रपाणि ख) वीणापाणि ग) सुधापाणि

[] जो पश्चिम के देशों से संबंध रखता हो –

क) पाश्चात्य ख) पश्चिमी ग) पछइयाँ

## खंड – 'द' लेखन (15 अंक)

**प्र.10** 'हिमालय' मिनरल वाटर की बिक्री बढ़ाने के लिए एक **विज्ञापन तैयार कीजिए |** **5**

**अथवा**

'भृंगराज – टूथपेस्ट' विषय पर **विज्ञापन तैयार कीजिए |**

**प्र.11** अपनी छोटी बहन को **पत्र** लिखकर बताइए कि उसे ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग कैसे करना चाहिए | **5**

**अथवा**

शैक्षणिक भ्रमण हेतु विद्यालय की ओर से आठवीं के बच्चों को अजंता-एलोरा दिखाने ले जाया गया | जिसमें आपको बहुत जानकारी प्राप्त हुई, इसके लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को धन्यवाद देने के लिए **पत्र लिखिए** |

**प्र.12** **किसी <u>एक</u> विषय पर अनुच्छेद लिखिए :** **5**

(क) विज्ञापनों की बढ़ती हुई लोकप्रियता

(ख) ग्लोबल वार्मिंग-विश्व के समक्ष एक बड़ी चुनौती

(ग) प्रतियोगिता का महत्त्व

(घ) प्रातःकाल की सैर